दैनिक जागरण 23/01/2025

# साइबर सिक्योरिटी के प्रति किया जागरूक

**जासं • अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी राइट्स (आइपीआर) के तहत सेंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा के कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। शुरुआत कार्यक्रम की कनवीनर डा. प्रबलीन कौर एवं को-कनवीनर डा. भारती सुजान द्वारा मुख्य वक्ता डा. राकेश कुमार के स्वागत से की गई। डा. राकेश कुमार ने उद्यमशीलता के क्षेत्र में साइबर सिक्योरिटी की आवश्यकता, ई-कामर्स, डेटा सेफ्टी, आनलाइन प्राइवेसी एवं साइबर सिक्योरिटी की के बारे में जानकारी दी। यही नहीं उन्होंने साइबर स्क्वैटिंग जैसे गंभीर विषय पर भी आवश्यक जानकारी दी। कहा इसे डोमेन स्क्वैटिंग भी कहा जाता है। इसका मकसद, ग्राहकों को भ्रमित करना या लाभ कमाना होता है। किसी प्रसिद्ध ब्रैंड के नाम में टाइपोलाजिकल त्रुटि करके डोमेन खरीदना या किसी सेलिब्रिटी के नाम से नकली वेबसाइट या सोशल मीडिया अकाउंट बनाना प्रमुख उदाहरणों में से एक हैं। मौके पर प्रो. श्याम रहेजा, डा. मीनू राठी, डा. शिखा जग्गी, प्रो. शिवानी निझावन, प्रो. कमलप्रीत कौर, डा. गीता कौशिक, प्रो. योगिता आदि थे।